हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 14, अंक : 20 | पटना, शनिवार, 08 मार्च, 2025 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

संपादकीय

अमेरिका और रूस तीखी नोकझोंक देखने को मिली

जे पी चौधरी

अमेरिका के व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जो अप्रिय विवाद हुआ, उसे पूरी दुनिया ने देखा। विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूपबीते शुक्रवार अमेरिका के व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जो अप्रिय विवाद हुआ, उसे पूरी दुनिया ने देखा। विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूप में मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता,यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तो रूस के द्वारा कब्जाये क्षेत्र को वापस न देने की बात की जा रही है तो दूसरे इस बात की गारंटी भी नहीं दी जा रही है कि रूस फिर से हमला नहीं करेगा। दरअसल, जेलेंस्की रूस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इस लिये उसकी सोच रही है कि पहले अमेरिका उसे सुरक्षा की गारंटी दे। ऐसी मांग करना कोई गलत भी नहीं है क्योंकि पिछले तीन साल से यूक्रेन लगातार रूस के घातक हमलों को झेल रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया में यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि ट्रंप शांति स्थापना के प्रयासों की कीमत यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज कब्जाकर वसूलें। फिलहाल ट्रंप व जेलेंस्की की नोकझोंक के बाद समझौता व युद्धविराम का मसला खटाई में जाता दिख रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि यूरोपीय देशों के यूक्रेन के पक्ष में एकजुट होने के बाद भी उसका लंबे समय तक युद्ध में टिका रहना संभव न होगा। यही वजह है कि यूरोप के भरपूर समर्थन के बावजूद निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यूक्रेन रूस का मुकाबला पहले ही तरह कर पाएगा। वहीं वजह साफ है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य बिना अमेरिकी मदद के यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिज्ञों का कहना है कि एक महाशक्ति से युद्धरत रहते हुए यूक्रेन दूसरी महाशक्ति को नाराज नहीं कर सकता। दरअसल, यूक्रेन में रूस ही नहीं, अमेरिका व यूरोपीय देश भी अपने हित देखकर कदम उठा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रंप से टकराव की कीमत यूक्रेन को चुकानी पड़ सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलेंस्की के व्हाइट हाउस आने से पहले ट्रंप जोर्डन, ब्रिटेन, फ्रांस के शीर्ष नेताओं के साथ तल्ख व्यवहार कर चुके थे। हालांकि, भारतीय प्रधानमंत्री ट्रंप से मुलाकात के दौरान किसी भी टकराव को टालने को अपनी प्राथमिकता बनाए रहे। भारत को पता है कि ट्रंप जब कनाडा व यूरोपीय देशों के नेताओं को नहीं बख्श रहे तो हमें अपने सम्मान व हितों की रक्षा खुद करनी होगी। वह भी तब जब ट्रंप अमेरिका फर्स्ट का नारा लगातार लगा रहे हैं। उन्होंने टैरिफ लगाने में गोरे देश कनाडा तथा चीन को भी नहीं बख्शा। भारत के टैरिफ के भेदभाव को लेकर ट्रंप लगातार मुखर रहे हैं। कथित अवैध अप्रवासी भारतीयों के साथ अमेरिका ने जैसा अमानवीय व्यवहार किया,वह किसी से छिपा नहीं है। भारत को अच्छी तरह पता है कि हमारा सदाबहार मित्र रूस अब ट्रंप के करीब है और ब्रिक्स के देश चीन के ज्यादा नजदीक हैं। ऐसे में हमें अपने हितों की रक्षा अपने बूते ही करनी होगी। मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता,यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तो रूस के द्वारा कब्जाये क्षेत्र को वापस न देने की बात की जा रही है तो दूसरे इस बात की गारंटी भी नहीं दी जा रही है कि रूस फिर से हमला नहीं करेगा। दरअसल, जेलेंस्की रूस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इस लिये उसकी सोच रही है कि पहले अमेरिका उसे सुरक्षा की गारंटी दे। ऐसी मांग करना कोई गलत भी नहीं है क्योंकि पिछले तीन साल से यूक्रेन लगातार रूस के घातक हमलों को झेल रहा है। लेकिन पूरी दुनिया में यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि ट्रंप शांति स्थापना के प्रयासों की कीमत यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज कब्जाकर वसूलें। फिलहाल ट्रंप व जेलेंस्की की नोकझोंक के बाद समझौता व युद्धविराम का मसला खटाई में जाता दिख रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि यूरोपीय देशों के यूक्रेन के पक्ष में एकजुट होने के बाद भी उसका लंबे समय तक युद्ध में टिका रहना संभव न होगा। यही वजह है कि यूरोप के भरपूर समर्थन के बावजूद निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यूक्रेन रूस का मुकाबला पहले ही तरह कर पाएगा। वहीं वजह साफ है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य बिना अमेरिकी मदद के यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिज्ञों का कहना है कि एक महाशक्ति से युद्धरत रहते हुए यूक्रेन दूसरी महाशक्ति को नाराज नहीं कर सकता। दरअसल, यूक्रेन में रूस ही नहीं, अमेरिका व यूरोपीय देश भी अपने हित देखकर कदम उठा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रंप से टकराव की कीमत यूक्रेन को चुकानी पड़ सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलेंस्की के व्हाइट हाउस आने से पहले ट्रंप जोर्डन, ब्रिटेन, फ्रांस के शीर्ष नेताओं के साथ तल्ख व्यवहार कर चुके थे। हालांकि, भारतीय प्रधानमंत्री ट्रंप से मुलाकात के दौरान किसी भी टकराव को टालने को अपनी प्राथमिकता बनाए रहे। भारत को पता है कि ट्रंप जब कनाडा व यूरोपीय देशों के नेताओं को नहीं बख्श रहे तो हमें अपने सम्मान व हितों की रक्षा खुद करनी होगी।

आप लोग गड़बड़ कर सरकार को बदनाम करते हैं : नीतीश कुमार

पटना, (संवाददाता)। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र में मुख्य विपक्षी पार्टी के घटक दल भाकपा माले द्वारा सदन के वेल में पहुंचकर हंगामा करने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए । सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग फालतू बात मत किजिए आप लोग गड़बड़ कर सरकार को बदनाम करते हैं । जब आप लोग की सरकार थी तों कुछ नहीं किया। महिलाओं का सम्मान एनडीए शासनकाल में ही हुआ है जों भी महिलाओं के साथ गड़बड़ करता है उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होती है । विधानसभा में सदन की कार्यवाही ज्योंहि शुरू हुआ की भाकपा माले के सभी सदस्यों ने हाथ से तख्तियां लहराते हुए सदन के वेल में पहुंच कर भारी शोर शराबा एवं हंगामा करने लगे। भाकपा माले का साथ मुख्य विपक्षी दल राजद के सदस्यों ने दिया ।राजद एवं भाकपा माले सदस्यों ने महिलाओं पर अत्याचार एवं बलात्कार को लेकर हाथ में तख्तियां लहराते हुए सदन के वेल में पहुंचकर भारी शोर शराबा एवं हंगामा करने लगे। स्पीकर नंदकिशोर यादव ने विपक्षी सदस्यों को अपने आसन पर जानें का आग्रह किया लेकिन विपक्षी सदस्य एक भी नहीं मानें। तों मुख्यमंत्री नारेबाजी करने पर भड़क गए। उसके बाद सभी सदस्यों ने सदन के वेल से लौटकर आपने आसन पर बैठकर सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चलने दिया।



उधर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानपरिषद् में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पर भड़क गए ।महिला दिवस के अवसर पर राबड़ी देवी ने सदन में कहा कि सुशासन की सरकार में महिलाओं पर घोर अत्याचार किया जाता रहा है महिलाओं के पैर में कील ठोका जा रहा है। महिलाओं पर अत्याचार दिन प्रतिदिन बलात्कार, एवं अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है उसपर सरकार कुछ नहीं कर पा रही है। इसपर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भड़क गए और कहा कि तुम्हारे पति लालू यादव डुब गया तुमको मुख्यमंत्री बना दिया। अब महिलाओं पर अत्याचार करने वालो पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाती है इस पर राजद सदस्यों ने अपने अपने आसन पर खड़े होकर हंगामा करने लगे। सभापति ने मामले को शांत करवाया। फिर सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चलने लगा ।सदन में महिला दिवस के पूर्व महिलाओं को वरियता दी गई थी इसी दौरान जदयू के रीना देवी अपने अनुपूरक प्रश्न पूछने के दौरान महिला दिवस की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कविता पाठ करने लगीं तो विपक्षी दल के अब्दुल बारी सिद्दीकी ने टोकते हुए कहा कि कविता पाठ के बजाय मूल पर पर आयें। रीना देवी का बीच बचाव करते हुए मंत्री डॉ अशोक चौधरी ने सिद्दीकी पर टिप्पणी कर दी?। इससे आहत सिद्दीकी ने अशोक चौधरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसी मंत्री को इतना चापलूस नहीं होना चाहिए। डॉ अशोक चौधरी ने अपने आसन पर खड़ाहोकर कहा कि मुझे बहुत बड़ी गर्व है कि बिहार के सुशासन की सरकार एवं विकास पुरुष नीतीश कुमार जी का चापलूसी करते हैं। उधर रीना देवी ने सदन में रोते बिलखते हुए कहा कि मैं किसी का चापलूसी नहीं करती लेकिन विपक्षी सदस्य ने मुझ पर आरोप लगाकर घोर अपमान किया है इससे मेरा अपमान नहीं राज्य का अपमान हुआ है।

मुख्यमंत्री ने सुधा के पहले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का किया शुभारंभ, वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटना, (संवाददाता)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग से पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अन्तर्गत सुधा के पहले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान भेजे जानेवाले सामान घी, मखाना एवं गुलाब जामुन का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयालक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि एक वाहन में मखाना और घी

को अमेरिका के लिये तथा दूसरे वाहन में गुलाब जामुन को कनाडा के लिये भेजा जा रहा है। यह वाहन समुद्री पोर्ट तक सामानों को पहुँचायेगा। समुद्री पोर्ट से फिर सामान को अमेरिका और कनाडा भेजा जायेगा। कार्यक्रम में पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्रीमती रेणु देवी ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर केन्द्रीय पंचायती राज, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्रीमती रेणु देवी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार, सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन विजयालक्ष्मी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व विधान पार्षद उदय कांत चौधरी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जदयू के पूर्व विधान पार्षद उदय कांत चौधरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है ।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुये कहा कि महिलायें समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। वे प्रतिभा के बलबूते विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, जीविका, सभी सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ, पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकाय के चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सहित कई अन्य योजनायें चलायी जा रही हैं, जिससे आज महिलायें आत्मविश्वास के साथ प्रदेश की तरक्की में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। राज्य में शराबबंदी से महिलायें अत्यधिक खुश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिये कि सम्पूर्ण नारी जाति के उत्तरोत्तर विकास के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ एक सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सके।

17,266 करोड़ रुपये खर्च कर ग्रामीण सड़कों का होगा रखरखाव

पटना। बिहार सरकार ने ग्रामीण सड़कों का 7 वर्ष तक रखरखाव करने को लेकर दीर्घकालिक योजना तैयार की है। मंत्रिपरिषद के स्तर से इसकी स्वीकृत मिलने के बाद 11 हजार 251 सड़कों का रखरखाव करने से संबंधित कार्ययोजना तैयार की गई है। इसकी कुल लंबाई 19 हजार 867 किलोमीटर 66 मीटर होगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 17 हजार 266 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस प्रस्ताव की मंजूरी मंत्रिपरिषद से मिलने के सिर्फ 5 दिन बाद ही निविदा प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सरकार की योजना ग्रामीण सड़को को भी राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) और उच्च पथों की तरह उत्कृष्ट स्थिति में रहें। योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 650 पैकेज तैयार किए गए हैं, जिनमें एक श्रेणी 10 करोड़ रुपये से 50 करोड़ रुपये तक की श्रेणियों में ठेके दिए जाएंगे। किसी भी पैकेज की अधिकतम सीमा 50 करोड़ रुपये तय की गई है, ताकि काम के निष्पादन में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

बिहार के 67 लाख लोहारों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का मुहिम लोजपा-(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने किया

पटना। बिहार के 67 लाख लोहारों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का मुहिम लोजपा-(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शुरू किया है।

श्री चिराग ने इस सम्बन्ध में भारत सरकार के प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित जनजातीय मंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें उन्हों ने कहा कि लोहार जाति ऐतिहासिक जाति है। संविधान के अनुसूची में 1950 से लोहार जाति को जनजाति की सूची में रखा गया है। सन 1976 के अनुसूचित जाति-जनजाति संविधान संशोधन अधिनियम के सूची में लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति के सूची में रखा गया है। जिसे कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजी में लिखा गया छडलअफ्अ को 2005-2006 में गलत ढंग से शब्दों उच्चारण किया और कहा कि

लोहार नहीं लोहारा शब्द है। फिर लोकसभा से 48/2006 बिल पास कर कहा गया कि लोहार नहीं लोहारा अनुसूचित जनजाति में है। बिहार में हमारे नेता पद्मभूषण रामविलास पासवान और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा के नेतृत्व में आंदोलन हुआ तब भारत सरकार ने बिहार सरकार को पत्र भेजकर एथनोग्राफी रिपोर्ट कराकर पूछा कि लोहार, लोहरा, लोहारा क्या एक ही जाति है। बिहार सरकार ने अनुग्रह नारायण शोध संस्थान से एथनोग्राफी कराकर रिपोर्ट भेजा जिसमें पुष्टि किया गया कि बिहार में लोहार, लोहरा, लोहारा एक ही जाति है। तब सन 2016 में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से 48/2006 को निरस्त कर दिया गया। श्री चिराग ने अपने पत्र के साथ राष्ट्रीय संग्रहालय में सदियों से लगा लोहार डेनसिटी के साक्ष्य की प्रति संलग्न किया है जिसमें लिखा है हिन्दी में लोहार और अंग्रेजी में छडलअफ्अ इसे कोई गलत साबित नहीं कर सकता है। फिर संविधान के अनुसूची में शामिल लोहार शब्द का गलत शब्दों उच्चारण कैसे किया जा सकता है। सन 1950 के संविधान और 1976 के संविधान संशोधन के आधार पर लोहार जाति को जनजाति की सुविधा प्रदान किया जाए।

घर-घर तक ऊर्जा पहुंचाने में महिलाएं निभा रहीं दमदार भूमिका : यादव

पटना। सूबे के ऊर्जा और योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के महिला सशक्तिकरण के संकल्प का ही परिणाम है कि आज राज्य में विकास पताका महिलाओं के हाथ में है। हर क्षेत्र में वे बुलंद मुकाम हासिल कर रही हैं। पूरे आत्मविश्वास से खुद के साथ-साथ वे राज्य और देश का भविष्य गढ़ रही हैं। श्री यादव ने कहा कि ऊर्जा का क्षेत्र भी इनसे अछूता नहीं है। बिहार के हर घर को रोशन करने की मुहिम में वे अपना किरदार बखूबी निभा रही हैं। रोशनी की मशाल थामकर पूरे बिहार को रोशन करने में जुटी हुई हैं। एक समय था जब चौतरफा अंधकार में डूबे प्रदेश में महिलाएं अपने घरों की दहलीज से निकलने से पहले हजार बार सोचती थीं।

बिहार में पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर चुनाव 2025 की तैयारी में जनता को लूटने में लगे हैं : पप्पू यादव

पटना। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने आज रेड वेलवेट होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लारेंस गिरोह से मिली धमकी के बाद वीडियो में जान से मारने की धमकी के बाद आज बड़ा खुलासा किया है। पप्पू यादव और रामबाबू यादव(कथित रूप से लारेंस विसनोई के नाम पर धमकी देने वाला व्यक्ति) ने एक एक कर जदयू राजद और पूर्णिया प्रशासन के द्वारा मिलीभगत से तैयार की गई साज़िश के बारे में पत्रकारों को बताया. पप्पू यादव ने कहा जदयू और पूर्णिया प्रशासन ने मेरे जान के साथ खिलवाड़ करने की साज़िश की है जो निंदनीय हैं. पूर्णिया सांसद ने कहा कि इस घटना से मेरे राजनीतिक छवि को नुकसान पहुँचा हैं ,इसकी घटना की उच्चस्तरीय जाँच हो। सांसद के साथ उपस्थित रामबाबू यादव(कथित रूप से लारेंस विसनोई के नाम पर धमकी देने वाला व्यक्ति) ने संवाददाताओं के समक्ष बताया कि राजद नेता हरिकांत सिंह उर्फ चीकू सिंह ने जदयू कार्यालय में प्रवक्ता नीरज कुमार से मिलवाया गया। प्रवक्ता नीरज कुमार ने रामबाबू यादव को वीडियो के माध्यम से सांसद पप्पू यादव को धमकी देने के बदले 2 लाख रुपये देने और चुनाव लडवाकर जिंदगी बदलने का प्रलोभन दिया। रामबाबू यादव ने कहा कि मैंने नीरज कुमार के कहने पर जदयू कार्यालय में पप्पू यादव को धमकी देने वाला वीडियो बनाया. धमकी वाला वीडियो जदयू कार्यालय के पीछे

गार्ड रूम में बनवाया गया .घटना के बाद जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने मुझे राघोपुर से चुनाव लड़वाने का आश्वासन दिया. रामबाबू यादव ने कहा मुझे फँसाया जा रहा था. मुझसे गलत काम करवाया जा रहा था.इस कारण मैंने आज आकर मैंने पप्पू यादव जी से माँगी माँगी है। रामबाबू यादव ने कहा कि उसे पहले भोजपुर थाना की पुलिस पकड कर पूर्णिया पुलिस को सौंपी और सिर्फ. 30 मिनट थाने में रखकर रात 8 बजे से 1 बजे रात तक समझाया गया कि जैसे बोला जाये, वही बोलना है। सांसद ने बताया कि रामबाबू के जदयू कार्यालय जाने आने का सीसीटीवी फुटेज की जांच करायी जाये। साथ ही पूर्णिया एस पी ने जदयू प्रवक्ता के कहने पर ऐसा काम किया है। रामबाबू ने कहा कि उसकी जान को खतरा है और 2 लाख भी नहीं दिया गया।

इसके पूर्व सांसद पप्पू यादव ने डिप्टी सी एम विजय सिन्हा की हालत पर चिंता जताते हुए कहा कि उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए डिप्टी सीएम होते उन्होंने स्वीकार किया कि बार बार मांगने पर भी पुल गिरने की जिम्मेवार कंपनी सिंगला की फाईल नहीं दी गयी, गायब रखी गयी और बाद में जला दी गयी। डिप्टी सी एम रहते वो जब अपने अधिकारों की रक्षा नहीं कर सकते तो जनता की भलाई और लड़ाई कैसे कर पायेंगे।

सांसद ने कहा कि बिहार में पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर चुनाव 2025 की तैयारी में जनता को लूटने में लगे हैं और मुख्यमंत्री को छोड़कर सभी मंत्री भ्रष्टाचार में पदाधिकारी के माध्यम से पैसा बनाने में लगे हैं। सांसद ने यह भी कहा कि वे 10 मार्च को लोकसभा में सिंगला की जांच के लिए बोलेंगे। जांच के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा है। प्रेस वार्ता में प्रेम चंद सिंह,राजेश पप्पू मौजूद थे।

राज्य में 3.81 करोड़ लाभार्थी का इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड बना: मंगल पांडेय

पटना। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के सहयोग से पटना में देश के विभिन्न राज्यों के संयुक्त निदेशकों के साथ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होटल पाटलिपुत्र कॉन्टिनेंटल में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन स्वास्थ्य सेवा को सरल, पारदर्शी और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। राज्य में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से हम डिजिटल स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत कर रहे हैं। इस कार्यशाला में देश के 26 राज्यों से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संयुक्त निदेशक तथा अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत हो रहे नए पहल एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई।

श्री पांडेय ने कहा कि अबतक कुल 1.56 करोड़ परिवारों एवं 3.71 करोड़ पात्र लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चूका है। अबतक 70 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 2.04 लाख पात्र लभुकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड से आच्छादित किया जा चुका हैं। अब तक राज्य में 18.70 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 2292 करोड़ रूपए का निःशुल्क ईलाज दिया गया है। राज्य में 587 सरकारी एवं 533 निजी अस्पताल यानी कुल 1120 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया जा गया हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत प्रत्येक नागरिक को एक विशिष्ट डिजिटल हेल्थ आईडी प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से संग्रहीत कर सकते हैं।

श्री पांडेय ने कहा कि वर्तमान में बिहार राज्य ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत स्कैन एण्ड शेयर में उत्कृष्ठ प्रर्दशन कर कुल 2

करोड़ 11 लाख टोकन का निमार्ण करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य में कुल 4 करोड़ 35 लाख लोगों की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आभा आई.डी. बनाई गई है।

राज्य आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत इलेक्ट्रानिक हेल्थ रेकार्ड ईएचआर की दिशा में सफलतापूर्वक कार्य करते हुए देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। भव्य परियोजना ने ग्लोबल डिजिटल हेल्थ समिट (जीडीएचएस) 2024 में इनोवेशन अवार्ड जीता। अब तक राज्य में कुल 3 करोड़ 10 लाख लाभार्थियों का इलेक्ट्रानिक हेल्थ रेकार्ड बन चुका है। बिहार हेल्थ प्रदाता पंजीकरण और स्वास्थ्य सेवा पंजीकरण के तहत स्वास्थ्य सेवा प्रोफेशनल और सुविधाओं को सक्रिय रूप से पंजीकृत कर रहा है। अपने संबोधन में अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने डिजिटल सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं श्री शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति ने सभी नागरिकों को किफायती, सुलभ और गुणवत्ता-युक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के महत्व को दोहराया।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्री संजय महर्षि, संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, श्री मनोज कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, श्री सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, श्री शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, श्री विक्रम पगारिया, निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, श्री पंकज अरोड़ा, निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, श्री शैलेश चन्द्र दिवाकर, प्रशासी पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, डॉ. रुचिरा अग्रवाल, सलाहकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, विभिन्न राज्यों के संयुक्त निदेशक, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के राज्य एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी, सलाहकार तथा कर्मी उपस्थित थे।

महिला दिवस की पूर्व संध्या पर श्रम संसाधन विभाग में कार्यशाला, महिलाओं के कौशल विकास पर हुई विस्तृत चर्चा

पटना। विश्व महिला दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर दिनांक 07 मार्च 2025 को श्रम संसाधन विभाग, पटना स्थित प्रतिबिंब सभागार में ₹महिलाओं का प्रशिक्षण एवं जागरूकता₹ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के कौशल विकास, रोजगार एवं उनके अधिकारों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि, श्रम संसाधन विभाग के सचिव श्री दीपक आनंद ने महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ₹महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। जागरूकता ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है।

उक्त कार्यशाला महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता फैलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इसमें महिलाओं

को कौशल विकास, रोजगार अवसरों और सुरक्षा नीतियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस आयोजन ने महिलाओं को प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

कार्यशाला में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम, महिला सशक्तिकरण नीति-2015 और कौशल प्रशिक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने महिलाओं को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं से जुड़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस आयोजन में श्रम संसाधन विभाग की सभी महिला कर्मियों ने भी सक्रिय भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें स्वरोजगार के अवसरों के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विशेष सचिव श्री आलोक कुमार, निदेशक (नियोजन एवं प्रशिक्षण) श्री सुनील कुमार यादव, उप निदेशक (नियोजन) श्रीमती प्रियंका कुमारी और ठरउ्ठ क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमती भावना वर्मा के साथ विभाग के सभी वरीय महिला पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहीं।

साहित्य सम्मेलन में आयोजित होगा भव्य राष्ट्रीय वासंतोत्सव कवि-सम्मेलन

पटना। अखिल भारतीय गीत गजल मंच के तत्त्वावधान में आगामी १२ मार्च को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के ऐतिहासिक सभागार में एक भव्य राष्ट्रीय वासंतोत्सव कवि-सम्मेलन और मुशायरा आयोजित हो रहा है, जिसमें देश के ९ नामचीन कवियों, शायरों और कवयित्रियों के गीत, गजल के साथ प्रेम, ऋंगार और हास्य रस की रचनाओं का आनन्द सुधी श्रोता उठा सकेंगे। एक ओर जहाँ अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के शायर डा कुँवर जावेद जो कोटा, राजस्थान से पधार रहें है और अमेठी, उत्तर प्रदेश की शायरा संदल अफरोज की गजलों से गुलजार होगी महफि ल, वहीं वाराणसी के सुख्यात कवि डा चकाचौंध ज्ञानपुरी और बाराबंकी के चर्चित कवि विकास बौखल की हास्य

रचनाएँ श्रोताओं को अंदर तक गुदगुदायगी। यह जानकारी देते हुए मंच और सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने बताया है कि उपरोक्त कवियों के अतिरिक्त अलवर, राजस्थान से गीत के लोकप्रिय कवि वैभव वर्मा, धौलपुर के वरिष्ठ हास्य-कवि रामबाबू सिकरवार, सतना, मध्य प्रदेश की चर्चित कवयित्री कृपा संगम, देवरिया उत्तर प्रदेश के बादशाह प्रेमी और भोपाल के अत्यंत संजीदा शायर डा अंजुम बाराबंकवी की रचनाओं से भी बिहार के सुधी श्रोता जुड़ेंगे। कवि-सम्मेलन के संयोजक और मंच के महासचिव आनन्द किशोर मिश्र संपूर्ण वासंतोत्सव का संचालन करेंगे।

सम्मेलन अध्यक्ष डा सुलभ की अध्यक्षता में आयोजित इस राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन में विशिष्ट श्रोता के रूप में सुप्रसिद्ध कला-संगीत और साहित्य-प्रेमी तथा रुबन मेमोरियल अस्पताल के निदेशक-प्रमुख डा सत्यजीत कुमार सिंह तथा सुप्रसिद्ध मनोरोग-विशेषज्ञ डा विनय कुमार समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध श्रोता उपस्थित रहेंगे।

पटना रिंग रोड की तर्ज पर मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा समेत 6 जिलों में होगा रिंग रोड का निर्माण: मंत्री नितिन नवीन

पटना। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री माननीय श्री नितिन नवीन जी द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में विभाग का 68,06,53,49,000 (अड़सठ अरब छः करोड़ तिरपन लाख उनचास हजार रुपये) का बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और बिहार के विकास पुरूष माननीय मुख्यमंत्री जी के विकसित भारत- विकसित बिहार 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप राज्य में सड़क आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए पथ निर्माण विभाग दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य के किसी भी कोने से राजधानी पटना 5 घंटे में पहुँचने के निर्धारित लक्ष्य को हमने प्राप्त कर लिया हैं। साथ ही वर्ष 2027 तक इस लक्ष्य को 4 घंटे में पहुँचने की योजना पर कार्य भी कर रहे हैं।

वहीं, उन्होंने कहा कि बिहार के समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए पटना रिंग रोड के तर्ज पर पहले चरण में गया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगुसराय एवं कटिहार में भी रिंग रोड विकसित करने हेतु भारत सरकार से सहमति प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से हम Road Safety Audit का कार्य कर रहे है एवं उनसे प्राप्त सुझावों के आलोक में पथों में सड़क उन्नयन, रोड साईनेज, रोड मार्किन, जेब्रा क्रॉसिंग, गति सीमा संकेतक चिन्ह एवं Rumble Strip इत्यादि लगाने का कार्य OPRMC के तहत कराया जा रहा है।माननीय मंत्री जी ने कहा कि

राज्य के बड़े और छोटे पुलों के नियमित रखरखाव के लिए हम बिहार राज्य पुल प्रबंधन एवं संधारण नीति 2024 को लागू करने जा रहे हैं। साथ ही सड़क आधारभूत संरचना का वर्ष 2035 तक विकास के लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार के तर्ज पर HAM (Hybrid Annuity Model) के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप सड़कों का निर्माण कराने की योजना बनाई जा रही है।वहीं, उन्होंने कहा कि जिला के छोटे पथों तथा राज्य उच्च पथों के रखरखाव के लिए साक्ष्य आधारित तकनीक को सम्मिलित करते हुए मोबाइल ऐप तथा वेब ऐप के माध्यम से पथों का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। इसके लिए मुख्यालय में कन्ट्रोल एण्ड कमाण्ड सेन्टर (Control and Command Centre) की स्थापना की गई है। साथ ही पथ संधारण कार्य को बेहतर करने हेतु आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस एवं मशीन लैंग्वेज तकनीक का प्रयोग प्रारंभ किया गया है।मंत्री जी ने कहा कि जे.पी. गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना के तहत गंगा नदी के किनारे दीघा से गांधी मैदान के बीच लगभग 7 कि०मी० लम्बाई में पर्यटन को विशेष रूप से आकर्षित करने हेतु लगभग 49.7 हेक्टेयर भूमि के 90 प्रतिशत भाग में हरित क्षेत्र विकसित करने तथा शेष भूमि में मूलभूत सुविधाओं सहित रिवरफ्रंट, वानस्पतिक उद्यान, तितली उद्यान, फूड कोर्ट, अर्बन महिला हाट, पैदल पथ, साइकिल ट्रैक, पार्किंग इत्यादि की सुविधा प्रदान की जायेगी।

संक्षिप्त समाचार

9 मार्च को जमुई विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मो शमशाद आलम राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण करेंगे : एजाज अहमद

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 9 मार्च को राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कपूर्री सभागार में मिलन समारोह होने जा रहा है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव की उपस्थिति में जमुई विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मो शमशाद आलम अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस मौके पर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे।

थेथरई के अलावा कुछ नहीं जानते तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया 'एक्स' हैंडल से तेजस्वी यादव के पोस्ट पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि जिसके माता-पिता के शासनकाल में भ्रष्टाचार और अपराध के नित्य नये कीर्तिमान स्थापित होते थे, वे आज सुशासन पर झूठा दोषारोपण कर रहे हैं। यह थेथरई की हद है। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव को यह कहते हुए शर्म आनी चाहिए कि बिहार में शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति बदहाल है। बिहार में 2005 के बाद जो सकारात्मक परिवर्तन हुआ है, वह देश-दुनिया के लोग देख रहे हैं। आज बिहार डबल इंजन की सरकार में डबल रफ्तार के साथ विकास की के पथ पर अग्रसर है। चाहे शिक्षा हो या स्वास्थ्य, कृषि हो या खेल हर क्षेत्र बिहार विकास का आज नयी इबारत लिख रहा है। श्री मिश्र ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पास न विकास कोई योजना है, न ही कोई विजन। तेजस्वी यादव थेथरई के अलावा कुछ नहीं जानते। इस बात को बिहार के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि तेजस्वी यादव में नेतृत्व क्षमता नहीं है। तेजस्वी यादव को समर्थन करने का मतलब है बिहार में जंगल राज का निमंत्रण। इसलिए किसी हाल में बिहार के लोग तेजस्वी यादव को सत्ता में देखना नहीं चाहते। श्री मिश्र ने कहा कि विधानसभा चुनाव में राजद को सबसे बड़ी हार होनेवाली है।

महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी: चंडीगढ़ के खिलाफ बिहार को 155 रनों से मिली हार

पटना। विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, जमथा, नागपुर में खेले गए महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी के मुकाबले में बिहार का सामना चंडीगढ़ से हुआ, जिसमें बिहार को 155 रनों से हार का सामना करना पड़ा। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 236 रन बनाए। टीम की ओर से आराधना डी. बिष्ट ने 113 गेंदों में 12 चौकों और 1 छक्के की मदद से 110 रनों की पारी खेली। वहीं, साराह ने 123 गेंदों में 10 चौकों की सहायता से 77 रन बनाए। इनके अलावा अन्य बल्लेबाजों के छोटे योगदान से टीम का स्कोर 236 तक पहुंचा। बिहार की ओर से गेन्दबाजी में आर्या ने 10 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट लिए। तेजस्वी ने 10 ओवर में 44 रन देकर 1 विकेट और रचना ने 9 ओवर में 37 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार की टीम 38.1 ओवर में 81 रन पर सिमट गई। बिहार की ओर से प्रीति ने 10 रन, शोभना ने 11 रन, निक्की ने 13 रन और तेजस्वी ने 15 रन बनाए। इसके अलावा अन्य बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलने में असफल रहीं। चंडीगढ़ की ओर से गेन्दबाजी में पुष्पा बिश्नोई ने 10 ओवर में 2 मेडन रखते हुए 18 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। नंदनी शर्मा ने 10 ओवर में 3 मेडन रखते हुए 10 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके अलावा समायरा, इशाना और आहान वैद ने 1-1 विकेट प्राप्त किए।

वेतन कटौती से नाराज एजेन्सी चालकों ने किया ब्रेक डाउन

पटना। पटना नगर निगम के पाटलिपुत्र अंचल मे एजेन्सी चालकों ने आज सुबह 6 बजे से 9 बजे तक ब्रेक डाऊन रखा।पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व मे आज नगर निगम के पाटलीपुत्र अंचल के एजेंसी चालकों ने सुबह 6 बजे से ही काम बन्द रखा।एजेन्सी चालकों के खाते में वेतन काटकर भेजा गया। करीब करीब चालकों के खाते में 4 से 5 दिन का वेतन काट कर भेजा गया।नाराज एजेन्सी चालकों ने गाड़ी नहीं निकाला और यार्ड मे ही विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।मुख्य को-कोआर्डिनेटर दीपक कुमार ने आकर बताया की वेतन होल्ड किया गया था आज बाकी का वेतन खाते में भेज दिया जाएगा।समवाय समिति के प्रतिनिधियों ने बार-बार ये समस्या उतपन्न होने के सवाल पर को-

कोआर्डिनेटर ने बताया की ये समस्या टेकनीफी के द्वारा जी पी एस में गडबडी के वजह से ये समस्या उत्पन्न होता है।इसलिये उस कंम्पनी के ऑपरेटर बाबुल और रहमान पर कारवाई करवया जाय।टेकनिफी के ऑपरेटर बाबुल से पूछने पर रीचार्ज समाप्त हो जाने के वजह से जीपीएस नहीं चलने की बात कही।तब समन्वय समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह, प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने टेकनीफी के ऑपरेटर से पुछा कि 17 मार्च से28 मार्च तक रीचार्ज समाप्त था तो एजेन्सी और नगर निगम के प्रशासन को क्यो खबर नहीं किया। रीचार्ज चालको के वेतन से ही करना है क्या।समन्वय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राम यत्न प्रसाद संयोजक मँगल पासवान ने भी आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि टेकनिफी की शिकायत पहले भी नगर आयुक्त से की गयी है।लेकिन उसपर कोई कारवाई नहीँ होने से वो बार बार मनमानी करता है जिससे एजेन्सी और चालक दोनो को परेशानी होती है।समन्वय समिति के प्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त से अबिलम्ब कारवाई की माँग किया है।मौके पर मौजुद समन्वय समिती के प्रवक्ता और चालकों के नेता नितेश पान्डेय और सद्दाम को एजेन्सी के को को कोआर्डिनेटर ने की इस माह से चालक के दो प्रतिनिधि सभी चालक का लॉग बुक लेकर एजेन्सी को एक तारिख को दे दें ताकि इनका वेतन में कटौती नहीं हो सके।

लगभग 9 बजे गाड़ी समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के समिति के प्रतिनिधियों के सहमती से निकलना शुरू हुआ।समन्वय समिति की ओर से ये भी चेतावनी भी दिया गया की टेकनिफी पर कारवाई नहीं होने पर होली के बद स्थायी तौर पर ब्रेक डाउन कर दिया जायेगा।

युवाओं से झूठा वादा कर रहे तेजस्वी यादव: हिमराज राम

पटना। जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का युवाओं को सुनहरे कल का सपना दिखाना महज छलावा है। मीडिया में जारी बयान में उन्होंने कहा कि असल मायने में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपनी सात निश्चय योजना दो के तहत युवाओं के बेहतर भविष्य को सच करने और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य के युवा अभी भी लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल को नहीं भूले हैं जब बिहार में नौकरी और रोजगार नाम की कोई चीज नहीं थी और जीवन यापन के लिए लोग अपना घर बार छोड़ दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर थे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में युवा,किसान,मजदूर और महिलाओं की हालत बदतर थी और उस दौरान नौकरियों की बोली लगती थी ना कि बहाली होती थी। उन्होंने कहा कि आज बिहार में माननीय मुख्यमंत्री श्री

नीतीश कुमार की सरकार के 10 लाख सरकारी नौकरी के वादे के मुताबिक अभी तक 9 लाख 35 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम किया गया है जबकि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तक 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम पूरा कर लिया जाएगा। वहीं रोजगार के मामले में उन्होंने कहा कि सात निश्चय दो के तहत मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार में 10 लाख रोजगार मुहैया कराने के वादे से अधिक अभी तक 24 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है जबकि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तक 38 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

खून के माध्यम से अन्य अंगों में फैलता है टीबी का बैक्टीरिया

पूर्णिया। टीबी सिर्फ सांस से जुड़ी बीमारी नहीं है। फेफड़ों के अलावा भी टीबी कई प्रकार की होते हैं। इसमें से ही एक होती है दिमाग की टीबी। आमतौर पर दिमाग की टीबी एक-दूसरे से नहीं फैलती है लेकिन जब फेफड़ों की टीबी से संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता है तो उसके मुंह से निकली बूंदें दूसरे व्यक्ति के अंदर प्रवेश कर जाती हैं और फेफड़ों को सबसे पहले प्रभावित करती है। इसके बाद ये बूंदें फेफड़ों के बाद खून के प्रवाह के साथ दिमाग में प्रवेश कर जाती हैं तो व्यक्ति के दिमाग में टीबी या ब्रेन टीबी होने की संभावना होती है। दिमाग में होने वाली टीबी को मेनिनजाइटिस भी कहा जाता है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में लगभग 2.79 मिलियन लोग इस बीमारी के शिकार हैं। टीबी उन्मूलन को लेकर पूरे देश में युद्धस्तर पर प्रयास चल रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार कनौजिया ने बताया कि लोगों को टीबी के सुरक्षित रखने के लिए जिले में कई स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। टीबी रोगियों की ससमय पहचान, सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना और टीबी रोगियों को निःशुल्क चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। अधिक से अधिक टीबी रोगियों की पहचान करने के लिए निजी अस्पताल एवं चिकित्सकों की भी मदद ली जा रही है। टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। सभी की सहभागिता से ही टीबी को हराया जा सकता है।

जिला संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ कृष्ण मोहन दास



ने बताया कि टीबी एक बैक्टीरियल इंफेक्शन है जो फेफड़ों को प्रभावित करता। टीबी माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। इस संक्रमण का यदि सही समय और ढंग से इलाज न कराया जाए तो यह बैक्टीरिया खून के द्वारा अन्य अंगों में भी फैल सकता है। कई बार यह बैक्टीरिया ब्रेन और रीढ़ की हड्डी पर भी हमला कर देता जिस वजह से ब्रेन टीबी हो जाती है।

ब्रेन टीबी के लक्षण : डॉ दास ने बताया कि टीबी मेनिनजाइटिस के लक्षण आमतौर पर धीरे-धीरे दिखाई देते हैं। जो हफ्ते दर हफ्ते गंभीर होते जाते हैं। शुरूआत में यह लक्षण सामान्य लगते हैं, जिन्हें पहचानना थोड़ा मुश्किल हो जाता। मेनिनजाइटिस टीबी के लक्षण होने पर निम्न लक्षण दिखाई देते हैं

-चक्कर आना
-कमजोरी महसूस होना
-हल्का बुखार रहना
-बीमारी बढ़ने पर गर्दन में अकड़न
-लगातार सिरदर्द होना
-उलझन महसूस होना
-अधिक गुस्सा करना।

जीएमसीएच टीबी विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि ब्रेन टीबी के मरीजों को प्रारंभिक दौर में सुबह उठने पर चक्कर और उल्टी आने जैसा लगता है। हमेशा सिर दर्द बना रहता है और यह दर्द दवाइयां खाने के बाद भी नहीं जाता है। इन लक्षणों को मरीज मामूली न समझें। ऐसे लक्षण ब्रेन टीबी के भी हैं। ब्रेन टीबी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। यह बच्चों में भी विकसित हो जाती है। इसके बारे में पता लगते ही व्यक्ति को इसे तुरंत दिखा लेना चाहिए। इसमें लापरवाही से जान का खतरा हो सकता है। जैसे ही मरीज को ब्रेन टीबी के लक्षण दिखाई देते हैं। ब्रेन टीबी में लापरवाही मरीज के लिए घातक हो सकती है। ऐसा लक्षण दिखाई देने पर लोगों को नजदीकी अस्पताल में डॉक्टर को दिखाते हुए आवश्यक उपचार कराना सुनिश्चित करना चाहिए ताकि लोग ब्रेन टीबी से सुरक्षित रह सकें।

ब्रेन टीबी के कारण और जोखिम :

-फेफड़ों के टीबी वाले मरीजों में इसके फैलने की संभावना रहती है।-समय पर टीबी का इलाज और कोर्स पूरा ना करने वाले लोगों में ब्रेन टीबी का खतरा।-एचआईवी/एड्स से संक्रमित लोग, धूम्रपान और शराब का अधिक सेवन करने वाले लोग, डायबिटीज रोगियों को भी ब्रेन टीबी का खतरा अधिक।

आधी आबादी की पूर्ण भागीदारी के बिना विकास यात्रा अधूरी है : उपेन्द्र कुशवाहा

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा की महिला प्रकोष्ठ के नेतृत्व में पार्टी ने आज पटना के विद्यापति भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा और प्रख्यात समाजसेवी एवं पार्टी की वरिष्ठ नेत्री स्नेहलता कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। रालोमो महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम का थीम था ₹महिला सशक्तिकरण के तीन स्तंभ संरक्षण, आरक्षण एवं जागरूकता₹ ।

इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के हर जिले एवं प्रखंड से पार्टी की महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को बुलाया गया और उन्होंने अपने जीवन से जुड़े खट्टे मीठे प्रेरणादायक अनुभवो को साझा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने विभिन्न विधाओं में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। खास तौर पर बड़ी संख्या में महिला पत्रकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने हाथों से उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एक विचार सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें वर्तमान समय में महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया गया और एक संकल्प पत्र के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। ₹8 मार्च 8 संकल्प₹ के नाम से स्वीकृत इस संकल्प पत्र में आठ मुद्दों पर पार्टी की ओर से कार्य करने और सरकार के सक्षम प्राधिकार के सामने उचित माध्यम से मांग करने का निर्णय लिया गया। ये आठ संकल्प हैं - शिक्षा व्यवस्था में यौन उत्पीड़न को लेकर बालिकाओं को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था, चाइल्ड ट्रैफिकिंग के संबंध में सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रम का संचालन, महिलाओं द्वारा संचालित परम्परागत लघु एवं कुटिर उद्योग को सरकार के सीधा सहयोग से बाजार उपलब्ध कराना, महिला खेल आयोग का गठन , सरकारी दफ्तरों में डे केयर

सेंटर की व्यवस्था को अनिवार्य करना , प्रखंड स्तर पर महिलाओं के लिए काउंसलिंग सेंटर की स्थापना, बिहार में जेंडर बजटिंग के माध्यम से महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान, सरकार द्वारा प्रेग्नेंसी के समय छुट्टियों के प्रावधान को कानूनी रूप देने की व्यवस्था।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि आधी आबादी की पूर्ण भागीदारी के बिना किसी देश प्रदेश की विकास यात्रा अधूरी है। आज जो ₹8 मार्च 8 संकल्प₹ पारित किया गया है वो इस भागीदारी की दिशा में सहयोग के मुख्य कारक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह शुभ संकेत है कि भारत में बीते दो दशक में शीर्ष पदों पर महिलाओं की भागीदारी तीन गुना बढ़ी है। जहां साल 2004 में कम्पनियों में बड़े पदों पर 11.7% महिलाएं थीं वहीं 2025 में यह बढ़कर 36.5% हो गई है। जबकि दुनिया भर में यह केवल 34% ही है। समाजसेवी स्नेहलता ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि महिलाओं को सबसे अधिक अत्याचार अपने साथी या परिवार वालों के कारण ही झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विश्व में हर 10 मिनट में एक महिला अपनों के कारण ही मार डाली जाती हैं। 2022 में यौन हिंसा में 50% तक की वृद्धि होना काफी चिंता का विषय है। भारत में भी ऐसे मामलों से अखबार के पन्ने रंगे रहना किसी भी सभ्य समाज के लिए अफसोस का विषय है। पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ई स्मृति कुमुद ने बताया कि हाल ही के एक सर्वे के अनुसार विश्व में बड़ी संख्या में महिलाएं ऑनलाइन हिंसा के एक या अधिक मामलों का शिकार हुई हैं। जो मानसिक परेशानी का कारण बन रही हैं। सभा को संबोधित करने वालों में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी अनीता कुशवाहाद, डॉ अंजलि कुमारी,सीमा सिंह,अनु सिन्हा, हैंडक्राफ्ट आर्टिस्ट श्रेया, क्क्क्टर चिकित्सक डॉ प्रेमलता, हैंडलूम बिजनेश वूमेन रिद्धिमा श्रीवास्तव, फुटवेयर डिजाइनर रश्मि , चेतना समिति की अध्यक्ष निशा मदन आदि ने संबोधित किया।

इस आशय की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा व नीतिन भारती ने बताया कि इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर की महिला नेत्रियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर दरधा नदी के किनारों की सफाई शुरू

जहानाबाद। जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला गंगा समिति के निदेर्शानुसार जहानाबाद संगम घाट एवं पटना गया मेन रोड स्थित दरधा नदी के किनारे साफ सफाई को लेकर जिला परियोजना पदाधिकारी श्री अमित कुमार तथा नगर परिषद जहानाबाद के सेनेटरी इंस्पेक्टर द्वारा संयुक्त रूप से घाटों का निरीक्षण किया गया। दरधा पुल के समीप नगर परिषद जहानाबाद के द्वारा साफ सफाई शुरू किया गया तथा आसपास के लोगों को नदी में कचड़ा न फेंकने के लिए अपील किया गया। नदी किनारे बसे आम लोगों को भी घर का कचड़ा नदी के जगह डस्टबिन में डालने के लिए कहा गया । गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रबंधन एवं प्रदूषण उपशमन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तर पर एक तंत्र

स्थापित करने के लिये गंगा नदी बेसिन पर स्थित जिलों में जिला गंगा समितियों का गठन किया गया है। साथ ही साथ दरधा नदी मेन रोड पूल के दोनों साइड पर मेडिकल एवं होटल संचालकों को भी निदेश दिया गया कि अपने दुकान के सामने डस्टबिन रखें और उसका प्रयोग करें संगम घाट के मंदिर पुजारी से भी अनुरोध किया गया कि किसी भी समारोह/आयोजन या अनुष्ठान करने वाले व्यक्ति को यह आवश्यक रूप से निर्देश दें कि किसी भी प्रकार का कचरा संगम, घाट के आसपास ना फैलाएं। ऐसे करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर जिला प्रशासन को नाम देने के लिए कहा गया। ऐसे व्यक्ति का नाम आने पर जिला प्रशासन के तरफ से आवश्यक एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी।

केंद्रीय विद्यालय की पुन: शुरूआत से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा :चिराग पासवान

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने एक्स पे पोस्ट कर लिखा की अब शिक्षा की अलख जगाएगा हाजीपुर का केंद्रीय विद्यालय। मैंने लोकसभा चुनाव के दौरान हाजीपुर की जनता से जो वादा किया था कि केंद्रीय विद्यालय को पुनः उसकी पहचान दिलाऊंगा। आज हाजीपुरवासियों को मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले कुछ वर्षों से बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय में अब कक्षा 2 से लेकर कक्षा 4 तक के पठन पाठन के कार्य को मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय विद्यालय की पुनः शुरूआत से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि हाजीपुर की शिक्षा व्यवस्था को भी नई पहचान मिलेगी। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडीया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

वेतन के अभाव में संस्कृत शिक्षकों की होली का रंग पड़ा फीका, आवंटन के अभाव में दो माह से शिक्षकों नहीं हुआ वेतन भुगतान

जहानाबाद। जिले में कार्यरत संस्कृत शिक्षकों एवं कर्मियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण इस बार रंगों का त्यौहार होली फीकी रहने वाली है। जिले में प्रस्वीकृत 10 विद्यालय में कार्यरत सैकड़ों शिक्षकों एवं कर्मि वेतन के अभाव में होली मनाने से वंचित रह जाएंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि जहानाबाद जिले में संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में सितंबर 2024 से ही संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन भुगतान आवंटन के अभाव में नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि राशि आवंटन के लिए 22 नवम्बर 2024 को शिक्षा विभाग ने वित विभाग को संचिका भेजी है, जिसपर अभी तक कोई करवाई वित विभाग की ओर से नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों के साथ दोयम दर्जे का बर्ताव किया जा रहा है। अब जबकि होली के एक सप्ताह से भी कम समय रह गया है, संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों में होली जैसे बड़े पर्व पर वेतन नहीं मिलने की उम्मीद से निराशा की स्थिति देखी जा रही है। इस संबंध में कुछ शिक्षकों ने बताया कि वेतन के अभाव में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा और बुनियादी जरूरतों पर भी वेतन नहीं मिलने के कारण प्रभाव पड़ा है। और अब वित्तीय वर्ष भी अंत होने जा रहा है।

सीयूएसबी के प्रयोगशाला सहायक डॉ. राज कुमार सरदार ने शोध से निकाले प्लास्टिक प्रदुषण से लड़ने के वैज्ञानिक उपाय

पटना। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के पर्यावरण विभाग में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक डॉ. राज कुमार सरदार ने अपने शोध से प्लास्टिक को खाने वाले बैक्टीरिया की खोज की है। डॉ. सरदार के इस शोध उपलब्धि को स्प्रिंगर नेचर द्वारा नीदरलैंड से प्रकाशित उच्च मानक अंतराष्ट्रीय जर्नल 'वर्ल्ड जर्नल ऑफ माइक्रोबायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी' ने प्रकाशित किया गया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा एवं प्रो. रिजवानुल हक, डीन, स्कूल ऑफ अर्थ एंड बायोलॉजिकल साइंस, प्रो. प्रधान पार्थ सारथी, विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विभाग, डॉ. नितीश, डॉ. कृष्ण प्रकाश, डॉ. प्रशांत आदि ने डॉ. सरदार को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. सरदार को इसी वर्ष जून 2025 में वैश्विक पटल पर अमेरिका के लॉस एंजेलिस शहर में होने वाले साइंटिफिक अधिवेशन में अपनी शोध सारांश को प्रस्तुत करने के लिए चयनित किया गया है। डॉ. सरदार दुनिया की सबसे बड़ी और पुरानी साइंटिफिक सोसाइटी - अमेरिकन सोसाइटी फॉर माइक्रोबायोलॉजी के मेंबर भी है। वेस्ट-टु-वेल्थ अवधारणा के तहत रोजाना उपयोग किये जाने वाले प्लास्टिक को जैविक अपघटन एवं बायो-मास उत्पादन के दृष्टिकोण से डॉ. सरदार ने प्लास्टिक को खाने वाली बेक्टेरिया माइक्रोकोक्कस फ्लेवस का खोज किया है। भारत के उच्च स्तरीय सी.एस.आई.आर के प्रयोगशाला में अनुसंधान के दौरान डॉ. सरदार ने पाया की ये बैक्टीरिया प्लास्टिक के सतह पर पतली सी झिल्लीदार बायोफिल्म के रूप में बसर करता है, और धीरे-धीरे जटिल पॉलीमर प्लास्टिक को एंजाइम क्रियाविधि से अतिसूक्ष्म मोनोमर में खंडित कर देता है तथा कार्बन स्रोत के रूप में इस्तेमाल कर 30 दिनों में करीब 2 प्रतिशत तक प्लास्टिक के वजन को कम करता है। ये नवीन बैक्टीरिया भारतीय पश्चिमी समुद्री क्षेत्र से प्राप्त की गयी थी जिसकी पहचान, उनके प्लास्टिक खाने की नायाब गुण तथा प्लास्टिक के विघटन की पुष्टि सॉफ्टवेयर और विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों से की गई।

शक्तिधाम में हुआ अग्रवाल महिला सम्मलेन होली मिलन का आयोजन

पटना। बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मलेन द्वारा होली मिलन महोत्सव का आगाज प्रसिद्द फिल्मी गायिका रेखा झा तथा महिलाओं द्वारा होली के गीतों एवं नृत्यों से आज अग्रसेन भवन , बैंक रोड पटना में किया गया। आया होली का त्योहार , उड़े रंग की बौछार,बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी ,आज न छोड़ेंगे हमजोली - खेलेंगे हम होली, अरे जा रे हट नटखट न छू रे मेरा घूंघट -पलट के दूँगी आज तुझे गाली रे, मुझे समझो न तुम भोली भाली रे , पिचकारी के लागल बुखार,आदि होली के गानों एवं नृत्य से आज पूरा अग्रसेन भवन , शक्तिधाम परिसर गुंजायमान हो गया। मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। प्रकृति जब पूरी धरती पर बसंत का रंग बिखेर रही होती है , तो होली का त्योहार आता है . होली रूप , रस , रंग एवं प्रेम का त्योहार है। इस अवसर पर अग्रवाल महिला सम्मलेन की प्रादेशिक अध्यक्ष डा गीता जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि होली मित्रता एवं एकता का पर्व है। इसमें जाति भेद का कोई स्थान नहीं है। डॉ जैन ने कहा कि होली में रसायनिक रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए यह काफी अधिक खतरनाक होता है। सूखी होली खेलने से समय, पैसा , त्वचा , शक्ति सभी की बचत है। अध्यक्ष गीता जैन ने कहा कि पतला प्लास्टिक बैग पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा है। अतः प्लास्टिक बैग कि जगह कपड़े के थैला का प्रयोग करना चाहिए। डॉ गीता जैन ने कहा कि हमलोग पटना को प्लास्टिक मुक्त बनाने का सन्देश देना चाहते हैं। कार्यक्रम की शुरूवात दया अग्रवाल एवं सदस्याओं द्वारा गाये गणेश वंदना से हुई। फिल्मी गायिका रेखा झा ने अपने द्वारा गायी गई गाने से पूरे माहौल को होलीमय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षिका मधु अग्रवाल ने अपना आशीर्वाद दिया। इनके साथ ही शकुंतला अग्रवाल , दया अग्रवाल , अर्चना जैन , रजनी खेमका, सुनीता अग्रवाल,पुष्पा जैन , स्वर्णलता अग्रवाल, एडवोकेट मंजू झा, नीना मोटानी, अंकित कृष्ण, अम्बर अग्रवाल, दीपा एवं रेणु अग्रवाल, ज्योति बंसल, सुरभि अग्रवाल, रूबी सिन्हा, मधु मंजरी, जूही अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल पल्लवी दास सहित अन्य की प्रमुख भूमिका रही।

गरीबों, दलितों एवं वंचितो को मुख्य धारा से जोरना मुख्य मकसद

बांका/ भागलपुर। अनुसूचित जाति महिला कल्याण सेवा समिति भागलपुर बांका के जिला अध्यक्ष रामदुलारी देवी ने कहा कि भागलपुर एवं बांका जिला के अंतर्गत इलाके में सरकार के मुख्य धारा से वंचित रह गए दलितों एवं महादलितों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। साथ ही उनके परिवार के सदस्यों को केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं से लैस कर सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की सपनो को साकार करने हे कृत्य संकल्पित हैं। जब तक उन परिवारों को शिक्षा का ज्योत नहीं जलाया नहीं जायेगा तब तक समाज का विकास संभव नहीं है।

विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 की तैयारी को लेकर सीयूएसबी एवं नेहरू युवा केंद्र के अधिकारियों की बैठक

पटना। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 की मेजबानी के लिए तैयार है। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में सीयूएसबी के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के समन्वयक प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं` जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इसी क्रम में शुक्रवार को सीयूएसबी की एनएसएस इकाई, कार्यक्रम आयोजन समिति एवं नेहरू युवा केंद्र (गया) के पदाधिकारी में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीयूएसबी के विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार मिश्रा

(डीएसडब्ल्यू), प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार एवं उप-कुलसचिव प्रतीश कुमार दास तथा नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी हेमंत कुमार मौजूद थे ` बैठक में मौजूद अधिकारीयों ने साथ मिलकर कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया।

एनएसएस समन्वयक प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सीयूएसबी में 24 से 25 मार्च 2025 को जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि युवा संसद महोत्सव में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष के इच्छुक युवा "www.mybharat.gov.in पोर्टल पर 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। अंतिम रूप से चयनित 150 युवाओं को वन नेशन वन इलेक्शनः विकसित भारत के मार्ग की ओर विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा क इसके पश्चात चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में संसद भवन में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

महिला दिवस की पूर्व संध्या पर पत्रकारों एवं महिलाओं को किया सम्मानित

पटना। राजधानी पटना के आईबीएम सभागार में पत्रकार संघ द्वारा 51 महिलाओं एवं 51 पत्रकारों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. रणबीर नंदन एवं राजद विधायक रणविजय साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रो. रणवीर नंदन ने कहा कि पत्रकार समाज के चौथे स्तंभ होते हें और ये लोग बिना कोई भेदभाव किये समाज के लोगों के लिए काम करते हैं। ये लोग लोगों व सरकार के बीच की कड़ी हैं। इस मौके पर श्रमजीवि पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि पत्रकारों को खासकार सोशल मीडिया को एक पक्षीय लिखने से परहेज करना चाहिए और तथ्यों को समझकर लिखना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि पत्रकार ही एक ऐसे प्राणि है जो समाज के दुख दर्द में साथ होते हैं। इस मौके पर विधायक रणविजय

साहू ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में युवाओं को अच्छी प्रशिक्षण देने की जरूरत है ताकि समाज का नवनिर्माण हो सके।

इस मौके पर आयोजक व पत्रकार संघ के सचिव रणजीत कुमार ने कहा कि उनका इस कार्यक्रम का उद्देश्य है समाज के उन सरस्वती पूत्रों को सम्मान करना है जो लोगों को सरकार से जोड़ने की कड़ी की भूमिका में हैं। इस अवसर पर गांधीवादी पत्रकार प्रेम कुमार, जद नेता दीनानाथ प्रसाद यादव, वरिष्ठ पत्रकार रणविजय सिंह सहित कई गण मान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में अंशु अवस्थी, नीता सिंन्हा, निधि राज, सोनिया सिंह प्रीति लता तिवारी, किरणदीप श्रीवास्तव, रुचि श्रीवास्तव ,शक्ति सिंह राजपूत, मिथिलेश कुमार पाठक, जितेंद्र कुमार, चंदन कुमार तिवारी सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार संघ के सचिव रणजीत कुमार ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार ने किया।

उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री ने किया राज्य स्तरीय एफ॰पी॰ओ॰ मेला/प्रदर्शनी तथा कार्यशाला का उद्घाटन

पटना। उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री, बिहार श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा आज कृषि भवन, पटना में 10 हजार किसान उत्पादक संगठन (एफ॰पी॰ओ॰) के गठन एवं संवर्द्धन योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय किसान उत्पादक संगठन मेला/प्रदर्शनी तथा कार्यशाला-2025 का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव, कृषि विभाग, बिहार श्री संजय कुमार अग्रवाल द्वारा की गई।

इस अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि आज हमारे लिए महज जीवन निर्वाह का साधन नहीं रह गया है बल्कि यह उद्यमिता का उभरता हुआ क्षेत्र बन गया है। देश आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बेहद साफ संकल्प के साथ विकसित भारत की ओर कदम बढ़ा चुका है। ऐसे में हम किसान को विकास का पहला इंजन मानते हुए समाज में अन्नदाता के रूप में प्रतिष्ठित करना चाहते हैं। इस प्रयास से कृषि सेक्टर के विकास और ग्रामीण समृद्धि के रूप में दो बड़े लक्ष्य एक साथ साधे जा सकेंगे। दस से ग्यारह साल पहले जो कृषि उत्पादन 265 मिलियन टन के करीब था। वह अब बढ़कर 330 मिलियन टन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह, बागवानी से जुड़ा उत्पादन बढ़कर 350 मिलियन टन से ज्यादा हो गया है। यह केंद्र सरकार के बीज से बाजार तक की अप्रोच का परिणाम है। इन वर्षों में किसान केंद्रित फिजिकल, डिजिटल और सोशल तीनों प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने पर बल दिया गया है, ताकि किसी बिचौलिए या लीकेज की गुंजाइश ही ना रहे।

माननीय उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन का

गठन और उसका प्रसार आदरणीय प्रधानमंत्री जी एक ऐसी ही शानदार पहल है। एफ॰पी॰ओ॰ के जरिये देश भर में ऐसी संस्थाओं का लाभकारी नेटवर्क तैयार करने का लक्ष्य है। जो सही मायने में किसानों का किसानों के लिए किसानों द्वारा संचालित संगठन साबित हो सके। यह संगठन किसानों को उनके उत्पादों के उत्पादन, प्रोसेसिंग, मूल्यवर्धन और मार्केटिंग में निर्णायक भूमिका निभाए, ताकि किसानों की आय और आत्मनिर्भरता दोनों में गुणात्मक बदलाव आ सके।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने 29 फरवरी, 2020 को 10 हजार किसान उत्पादक संगठनों के गठन और संवर्द्धन के लिए केंद्रीय योजना की शुरूआत की थी। इस योजना को वर्ष 2027-28 तक 6,865 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि जब आदरणीय प्रधानमंत्री जी हाल ही में 26 फरवरी को भागलपुर आए थे। उसी समय में 10 हजारवें एफ॰पी॰ओ॰ का उद्घाटन भी किया था और हमारे लिए सुखद है कि यह 10 हजारवां एफ॰पी॰ओ॰ खगड़िया जिले में पंजीकृत किया गया, जो मक्का, केला और धान पर केंद्रित है। बिहार के विशेष संदर्भ में बात करें तो अब तक हमारे राज्य में 696 एफ॰पी॰ओ॰ का गठन हो चुका है। जिससे राज्य के 2 लाख से अधिक किसान सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। यहाँ इस मेले में भी 40 से अधिक एफ॰पी॰ओ॰ के द्वारा गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, मखाना, मशरूम से जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आने वाले तीन दिनों में एफ॰पी॰ओ॰ से जुड़े उत्पादों के प्रचार, प्रसार और मार्केटिंग से जुड़े प्रयासों पर विशेष बल दिया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि हमारा राज्य 90 प्रतिशत से अधिक लघु-सीमांत किसानों की आबादी वाला राज्य है। हमारे छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों को कृषि से जुड़ी टेक्नोलॉजी, गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरक और कीटनाशकों तक पहुंच और आवश्यक पूंजी से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी उपज की मार्केटिंग में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एफपीओ के गठन और विस्तार से ऐसे छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों को सामूहिक रूप से संगठित होकर लाभ उठाने में मदद मिलेगी। एफ॰पी॰ओ॰ के सदस्य अपनी आय में तेजी से वृद्धि के लिए टेक्नोलॉजी, इनपुट, पूंजी और बाजार तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने के लिए संगठन में एक साथ अपनी गतिविधियों का प्रबंधन करने में सफल होंगे।

नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अत: कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुर्दित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI-BIHHIN/2012/43368

सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है : हेमन्त सोरेन

रांची। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यगणों (विधायक) ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी महिला मंत्री एवं विधायकगणों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड विधानसभा में आपकी उपस्थिति मात्र से ही नारी शक्ति को बल मिलता है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, आप सभी सदन में महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की आवाज हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की भागीदारी से ही देश, राज्य और समाज के सर्वांगीण विकास का रास्ता खुलता है। हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना जैसी कई योजनाओं के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि झारखंड की महिलाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल समेत अनेकों क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल कर रही हैं। महिलाएं अपने मंजिल और मुकाम को हासिल करने में कामयाब हों, इसके लिए सरकार पूरा सहयोग करने को तैयार है। एक बार फिर आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय, मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक डॉ नीरा यादव, विधायक श्रीमती लुइस मरांडी, विधायक श्रीमती सविता महतो, विधायक श्रीमती रागिनी सिंह, विधायक श्रीमती ममता देवी, विधायक श्रीमती पूर्णिमा दास साहू, विधायक श्रीमती श्वेता सिंह और विधायक श्रीमती मंजू कुमारी मौजूद थीं।

रातु में जन औषधि दिवस पर केंद्र का अवलोकन करते सांसद श्री दीपक प्रकाश।

छत्ते से शहद निकालने पर उग्र हुई मधुमक्खियां, कई राहगीर घायल

जमुई नवशक्ति (राजेश कुमार सिन्हा)। सिकंदरा लछुआड़ में रोड स्थित मिशन चौक पर आज मधुमक्खियां का आतंक छाया रहा।इसके आतंक का शिकार करीब एक दर्जन बाइक सवार हुए। अज्ञात लोगों ने सिमट पर लगे छत्ते से शहद निकाल लिया था। इससे उग्र हुई मधुमक्खियां ने राहगीरों पर हमला बोल दिया। हमले में नावाडीह का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसको इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मधुमक्खियां के डर से लोग वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग कर रहे हैं सिकंदरा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अनिशा कुमारी ने बताया कि छत्ते से छेड़छाड़ के कारण मधुमक्खियां उग्र हुई है। प्रशासन पेड़ से छत्ते को हटाने की कोशिश कर रही है।

गोरखपुर-सिलीगुड़ी 6 लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना को मिली केंद्र से मंजूरी, पथ निर्माण मंत्री ने जताया आभार

पटना। बिहार में सड़क अवसंरचना को और भी सुदृढ़ करने की दिशा में केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गोरखपुर -सिलीगुड़ी 6 लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है ।उक्त एक्सप्रेसवे कुल 568 किलोमीटर लंबा होगा, जिसमें से 417 किलोमीटर यानी 73 प्रतिशत से अधिक का निर्माण बिहार में किया जाएगा। माननीय पथ निर्माण मंत्री, श्री नितिन नवीन ने इस परियोजना के स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ₹यह एक्सप्रेसवे बिहार के परिवहन नेटवर्क को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा साथ ही बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों (ठल्ल) की कुल लंबाई भी बढ़ेगी, जिससे परिवहन व्यवस्था अधिक सशक्त और प्रभावी होगी। माननीय मंत्री द्वारा बताया गया कि इस परियोजना की कुल लागत 37,645 करोड़ निर्धारित की गई है, जिसमें बिहार के हिस्से की लागत 27,552 करोड़ अनुमानित है। एक्सप्रेसवे को 120 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति के लिए डिजाइन किया गया है जिससे आम जनों को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा। उक्त ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बिहार के 8 जिले; पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों से होकर गुजरेगी। उक्त एक्सप्रेसवे राज्य के 39 प्रखंडों और 313 गांवों से होकर गुजरेगा जिससे आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही, उत्तर बिहार में आर्थिक विकास के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, इस परियोजना के अंतर्गत गंडक नदी पुल और कोसी नदी पुल पर आवश्यक रिअलाइनमेंट करने का भी योजना प्रस्तावित है। विदित हो कि राज्य सरकार द्वारा यह आग्रह किया गया था कि बेतिया, मोतिहारी, दरभंगा और मधुबनी जैसे निकटवर्ती जिला मुख्यालयों को भी इस एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाए। इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए एनएचएआई ने इन जिलों को एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए स्पर कनेक्टिविटी विकसित करने की भी मंजूरी दे दी है ।

जन औषधि केंद्रों पर भाजपा सांसदों ने मनाया जन औषधि दिवस

रांची। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा जी के निर्देश पर आज भाजपा के सांसद गण ने जन औषधि केंद्रों का अवलोकन किया,लाभुकों से बात की और सस्ती दवाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी प्राप्त की। सांसद दीपक प्रकाश ने बताया कि मोदी सरकार जनता को सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने केलिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जनता को जन औषधि केंद्र पर सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है ।यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री जी ने 7मार्च को जन औषधि दिवस घोषित किया है। कहा कि देश भर 1से 7 मार्च तक जन औषधि के प्रति जनता को जागरूक करने की दृष्टि से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे ।जिसमें सांसद विधायकगण,जन प्रतिनिधियों के द्वारा जन औषधि केंद्रों पर जाकर जनता को जागरूक करना एवं विस्तृत जानकारी देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा। कहा कि जन औषधि केंद्रों पर 2047 जेनरिक और 300 सर्जिकल उत्पाद ब्रांडेड कंपनियों की दवाओं की तुलना में 70...80% सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं जिसका लाभ जनता को प्राप्त करना चाहिए। रिम्स परिसर स्थित जन औषधि केंद्र का अवलोकन करते हुए सांसद आदित्य साहू ने कहा कि देश भर में लगातार जन औषधि केंद्रों से दवा खरीदने के प्रति जनता जागरूक हो रही ।क्योंकि दवाएं सस्ती हैं। यहां शुगर, बीपी ,हृदय रोग,किडनी आदि की दवा सस्ते दामों में उपलब्ध है जिसके खासकर गरीबों को बड़ा लाभ मिल रहा। कहा कि देश भर में प्रतिवर्ष जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ रही है। फरवरी 2025तक देश भर में 15हजार जन औषधि केंद्र खुले हैं जिसकी संख्या मार्च 2027तक 25000हो जाएगी। कहा कि जन औषधि केंद्रों ने पिछले दस वर्षों में देश का 10हजार करोड़ रुपया बचाया है।

बोकारो विस्थापितों की समस्या रखने के लिए खालिद खान ने विधायक को दी बधाई

निर्मल महाराज/बोकारो। बोकारो उतरी विस्थापित क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में रख कर सरकार को अवगत करवाया गया है व काफी सराहनीय है इसके लिए बोकारो विधायक श्वेता सिंह को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष खालिद खान ने बधाई देते हुए कहा कि विधायक ने जिन समस्याओं को बखूबी विधानसभा में रख कर सरकार को अवगत करवाया है उस समस्या को लेकर झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काफी गंभीर थे ,मुख्यमंत्री ने जल्द ही स्टील अथॉरिटी से बात कर के समस्या के समाधान की बात किए है ,आगे खालिद खान ने कहा कि बोकारो जिला उपायुक्त ने विधायक श्वेता सिंह से जिस तरह दुर्व्यवहार की है व काफी दुर्भाग्यपूर्ण है ,विधायक एक जनप्रतिनिधि होता है ,जनता ही इनको विधायक बनाती है ,जनता की समस्या का समाधान करना विधायक का काम होता है ,बोकारो उपायुक्त को इस तरह एक विधायक से बर्ताव नहीं करनी चाहिए थी ।

दलित और आदिवासी समाज के समस्याओं के समाधान पर रुचि नहीं दिखा कर उनके भावनाओं के साथ खेल रहीं है हेमंत सरकार : विजय शंकर नायक

रांची, (संवाददाता)। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आज सिरम टोली के मुख्य द्वार पर फ्लाई ओवर से रैम्प हटाने की मांग को लेकर आदिवासी समाज द्वारा मानव श्रंखला बना कर आन्दोलन करने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही । इन्होने आगे कहा कि सरकार के लिए यह शर्म की बात है कि आदिवासी समाज लगातार इस समस्या के समाधान को लेकर आन्दोलित है ।आन्दोलन का असर यह है कि मंत्री चमरा लिंडा एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने आन्दोलित आदिवासी समाज के बीच जाकर एंव उक्त स्थल का निरीक्षण भी किया साथ ही साथ पथ निर्माण विभाग के रांची प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को स्थल पर बुलाकर सब समझाया और इसका सामाधान कि दिशा मे निर्देश दिया और खुद मंत्री चमरा लिंडा और विधायक राजेश कच्छप ने मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर आदिवासी समाज के भावनाओ से अवगत करा कर 24 फरवरी तक किसी भी कीमत में फ्लाई ओवर से रैम्प हटाने का आश्वासन दिया जो अभी तक नहीं किया गया जिससे यह साबित होता है कि यह सरकार आदिवासी समाज के भावनाओं से कोई लेना देना नहीं है ' जिसका ही परिणाम है कि सरकार के वादा खिलाफी के कारण आज पुनः आदिवासी समाज सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को मजबूर हो गए उनके किए जा रहे सभी आन्दोलनों का आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच समर्थन करता है।

श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि सरकार ने अनुसूचित जनजाति सलाहकार परिषद की तर्ज पर अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद की स्थापना करने की घोषणा को मात्र दलित समाज के लिए मुंगरी लाल के हसीन सपनो की तरह बताया है। इन्होंने आगे कहा कि आज चार वर्षो से झारखंड मे अनुसूचित जाति आयोग का गठन हेमंत सरकार ने नही किया रघुवर दास के कार्यकाल मे इसके प्रथम अध्यक्ष शिव पुजन राम को बनाया गया था इनके कार्यकाल के समाप्ति के बाद चार वर्षो से अध्यक्ष का पद खाली है मगर इसके गठन की दिशा मे आज तक कोई कार्रवाई नही कि गई और अब एक नया शिगूफा अनुसूचित जनजाति सलाहकार परिषद के तर्ज पर अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद गठन करने का निर्णय सिर्फ दलित समाज के लोगो का आईवाश करना भर है। आयोग के गठन नही होने से राज्य मे इन वर्गो का शोषण उत्पीड़न की घटनाओ मे वृद्धि हुई है और इनके सभी क्षेत्रों मे विकास अवरुद्ध हुआ है और इन्हें न्याय से भी वंचित होना पड़ रहा है।

श्री नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे दलित आदिवासी समाज के समस्याओ के समाधान में व्यक्तिगत रुचि लेने का का कार्य कर इनके समस्याओ का समाधान करे नहीं तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे आगे।

जामा पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया, काटा चालान

दुमका / निज संवादाता। जामा थाना पुलिस ने शुक्रवार को थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में दुमका देवघर मुख्य मार्ग पर थाना गेट के सामने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें यात्री बस के छत पर बैठाये गये यात्रियों को बस रूकवाकर उतरवाया। साथ ही बस के चालक एवं कंडक्टर को कड़ी हिदायत दिया कि किसी भी परिस्थिति में बस के छत पर यात्रियों को न बैठायें। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाते 17 बाइक का चालान काटा गया। साथ ही कई चार पहिया वाहनों को रोककर निर्धारित गति सीमा के अंदर गाड़ी चलाने की सलाह थाना प्रभारी ने चालकों को दिया। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी ने बताया कि लगातार सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो रही है। फिर भी बाइक सवार बिना हेलमेट पहने बाइक लेकर सड़क पर निकल जा रहे हैं। काफी समझाने बुझाने के बाद भी लोग मानने के लिये तैयार नहीं हैं। शराब पीकर बिना हेलमेट के बाइक चलाने से मौत का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने बताया कि और जिलों की अपेक्षा दुमका जिले में सड़क दुर्घटना ज्यादा देखी गयी है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार वाहन जांच अभियान चलाया गया है। मौके पर एसआई मनोज सिंह, राजीव कुमार सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

बिहार राज्य फसल सहायता योजना की समीक्षा की गई : जिलाधिकारी

जमुई, नवशक्ति (प्रभाकर कुमार)। जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार भवन में धान अधिप्राप्ति2024 25 एवं बिहार राज्य फसल सहायता योजना की समीक्षा की गई जिसमें जिला प्रबंधक राज्य खाद निगम ,जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी जमुई उपस्थित हुए ।सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा धान अधिप्राप्ति वर्ष 2024 25 से संबंधित समीक्षा की गई जिस पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जमुई द्वारा बताया गया कि राज्य से प्राप्त लक्ष्य 77175 एम टी के विरुद्ध 71327.973 एम टी धान की खरीद 7765 किसानो से की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा किसानों को भुगतान से संबंधित समीक्षा की गई जिस पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जम्मू द्वारा बताया गया कि 7765 किसानों के विरोध 7763 किस का भुगतान हो चुका है शेष दो किसानों का भुगतान लंबित है जिसका भुगतान हर हाल में आज ही करने का निर्देश जिला पदाधिकारी जमुई द्वारा दिया गया। तदोपरांत जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सीएमआर की आपूर्ति से समीक्षा की गई। जिला प्राधिकारी जमुई दोबारा निर्देश दिया गया कि हर समस्याओं को हल करते हुए सीएमआर की आपूर्ति में प्रगति लाने संबंधी सभी आवश्यक कदम यथाशीघ्र उठाना सुनिश्चित करेंगे तथा सीएमआर की आपूर्ति में प्रगति लाना सुनिश्चित करेंगे जिला पदाधिकारी द्वारा बिहार राज्य फसल सहायता योजना यह सत्यापन की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि शेष दो प्रखंड सिकंदरा एवं खैरा प्रखंड शेष बचे किसानों का सत्यापन एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित करेंगे।

एंटोड ने बच्चों में बढ़ते बहरेपन के केसों से निपटने के लिए पटना में राष्ट्रीय श्रवण सप्ताह की शुरूआत की

पटना। मातानंद वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने पटना में राष्ट्रीय श्रवण सप्ताह की शुरूआत की है। बच्चों के लिए प्रारंभिक श्रवण जांच के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं ने यह कदम उठाया है। उनकी दुनिया को सुनें: समय पर पहचान, समय पर निदा, थीम वाला यह अभियान श्रवण हानि के कारण बोलने, सीखने और संज्ञानात्मक हानि को रोकने में समय पर डायग्नोसिस के बारे में लोगों को जागरूक और शिक्षित करने पर केंद्रित है। नीलम ईएनटी पटना के एम बी बी एस,एम एस ई एन टी, डॉ आशीष कुमार ने बताया, बिहार में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक यह है, लोगों में श्रवण स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता की कमी है। नियमित जांच न होने के कारण जन्मजात बहरेपन के कई केसों का इलाज नहीं हो पाता है। श्रवण यंत्र और स्पीच थेरेपी जैसे प्रारंभिक हस्तक्षेप बच्चे की बोलने-समझने और सीखने की क्षमता में काफी सुधार ला सकते हैं ।एंटोड फार्मास्यूटिकल्स के सीईओ श्री निखिल के मसुरकर ने कहा, बहरेपन से पीड़ित कई बच्चों का तब तक इलाज नहीं होता है, जब तक कि यह उनकी शिक्षा और सामाजिक जीवन को प्रभावित नहीं करता। मुंबई में राष्ट्रीय श्रवण सप्ताह के माध्यम से हम श्रवण जांच को चाइल्ड हेल्थकेयर का एक नियमित हिस्सा बनाना चाहते हैं। ईएनटी एक्सपर्ट के साथ काम करके हमारा लक्ष्य हजारों बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार उनकी मदद करना है ।बहरापन दुनिया भर में सबसे ज्यादा सेंसरी इम्पेयरमेन्ट्स (संवेदी डिसऑर्डर) में से एक है। नेशनल सैम्पल सर्वे ऑफिस (ठरर्ड) के अनुसार, भारत में प्रति 100,000 में से लगभग 291 व्यक्ति गंभीर से लेकर अत्यधिक बहरेपन की समस्या से ग्रसित हैं।

बिहार में जन्मजात और जन्म के बाद के जीवन में बहरेपन की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। अक्सर संक्रमण और प्रारंभिक हस्तक्षेप के बारे में जागरूकता की कमी के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ जाती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, उत्तर भारत में बच्चों में बहरापन बहुत ज्यादा है। रिसर्च से पता चलता है कि स्वस्थ नवजात शिशुओं के लिए प्रति 1000 जीवित जन्मों में 1.59 से 8.8 है और रिस्क वाले नवजात शिशुओं के लिए प्रति 1000 जन्मों में 7 से 49.18 की बहरेपन की दर है।

मुसहर भुइयां महरौली 27 मार्च से बढ़ाकर 8 अप्रैल 2025 किया गया है

पटना। मुसहर भुइयां महरौली कमिटी के समता देवी पूर्व विधायक बाराचट्टी गया उदय मांझी राजद पूर्व विधायक फुलवारी पटना और पूर्व अध्यक्ष राज्य महादलित आयोग बिहार सरकार पटना दीपक मांझी कमिटी अध्यक्ष सदन मोहन मांझी कमिटी कोषाध्यक्ष संतोष मांझी डबलू मांझी राजद परिवार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी से बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी के कक्ष में मुसहर भुइयां महरौली कार्यक्रम करने हेतु विचार विमर्श श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के साथ किया गया जिसमें 8 अप्रैल 2025 को श्री कृष्णमेमोरियल हॉल में आयोजित करने का निर्णय लिया गया 8 अप्रैल 2025 को राजद सुप्रीमो गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव जी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी पाटलिपुत्रसांसद डॉ मीसा जी राज्यसभा सांसद संजय यादव जी और पूर्व मंत्री श्री तेजप्रताप यादव जी के साथ साथ पूरा राजद परिवार के नेताओं उपस्थित रहेंगे कमिटी के मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता उदय मांझी ने कहा कि इस कार्यक्रम में बिहार के सभी 38 जिलों के मुसहर भुइयां समुदाय के नेताओं एवं कार्यकर्ता के साथ ही साथ राजद सुप्रीमो गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव जी और नेता तेजस्वी प्रसाद यादव जी में विश्वास करने वालों सभी मुसहर भुइयां समुदाय के महिलाओं और पुरुषों जो एक जवाने में वही मुसहर भुइयां समुदाय राजद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव जी का जिन्न हुआ करता था आज पुनः समय आ गया है कि पूरे बिहार के सभी जिन्नों को एकत्रित कर राजद सुप्रीमो गरीबों के मसीहा श्री लालू प्रसाद यादव जी और नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के साथ जोड़ने के साथ साथ ही नेता तेजस्वी प्रसाद यादव जी के हाथों को मजबूत करते हुए 2025 में बिहार के मुख्यमंत्री बनाना है और पुनः गरीब गुरबा दलितों अकलियतों किसानों पिछड़ा अतिपिछड़ों का सरकार बनाना है इस लिए इस बार तेजस्वी सरकार इस बार तेजस्वी सरकार बनाना है क्योंकि ल्र्ला कि सरकार में गरीब गुरबा दलितों और मुसहर भुइयां समुदाय को शहर नाहर पैन आहार से झोपड़ा झोपड़ी को उखाड़ कर फेकने का काम कर रही है और शराब बंदी कानून के तहत मुसहर भुइयां समुदाय के साढ़े तेरह लाख परिवार ग्रसित हैं इस लिए सभी मुसहर भुइयां समुदाय के लोगों से निवेदन है कि इस आफत को घटना को गंभीरता से सोचना होगा और इस बात पर अमल भी करना होगा इस लिए उदय मांझी ने कहा कि राजद सुप्रीमो गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव जी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी पाटलिपुत्र सांसद डॉ मीसा जी राज्यसभा सांसद संजय यादव जी और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव जी के साथ हाथों को मजबूत करना है और इस बार 2025 में तेजस्वी सरकार बनाना है इस बार तेजस्वी सरकार इस बार तेजस्वी सरकार इस कार्य क्रम में राजेश मांझी पूर्व सांसद गया रामवृक्ष सदा वर्तमान विधायक अलौली समता देवी पूर्व विधायक बाराचट्टी गया भूपेंद्र ऋषिदेव पूर्व विधायक राजद नेत्री दुखनी देवी दरभंगा गणेश भारती रौशन मांझी डबलू मांझी बिल्टू मांझी अर्जुन मांझी साहेब मांझी विष्णुदेव मांझी राजेंद्र मुसहर प्रदीप मांझी प्रभावती मांझी सरयुग मांझी महेंद्र मांझी जीतू मांझी रामाधीन मांझी नागेंद्र मांझी योगेंद्र मांझी इंद्रदेव मांझी भोला मांझी इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

ज्वेलरी दुकान में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

●ऑनलाइन गेमिंग में 9 लाख हराने के कारण चोरी की वारदात को अंजाम दिया था

निर्मल महाराज/बोकारो। बीते एक मार्च को सेक्टर एक राम मंदिर मार्केट स्थित जगदंबा ज्वेलर्स में सेंधमारी कर लाखों रुपए की ज्वेलर्स की चोरी हुई थी ,दुकान मालिक के द्वारा सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी ,पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी के निदेर्शानुसार ,नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठन कर सेक्टर 1 विकास नगर निवासी सोनू सिंह को गिरफ्तार किया जिसकी सेक्टर 1 मार्केट में अपनी एक दुकान भी है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव के कारण उक्त युवक ने 9 लाख रुपया हार गया. उसके बाद युवक ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. सोनू ऑनलाइन गेम में 9 लाख रुपये की एक बड़ी राशि हार गया. इस नुकसान की भरपाई के लिए उसने अपने मार्केट में ही स्थित ज्वेलरी की दुकान में चोरी करने का निर्णय लिया. आगे सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि सोनू ने राम मंदिर मार्केट में स्थित ज्वेलर्स के यहां सेंधमारी कर चोरी की. चोरी के सामान को पुराने फल दुकान में छुपाकर रख दिया ताकि समय आने पर उसे बेच सके.मामले की छानबीन के बाद, सोनू की संलिप्तता इस चोरी में सामने आई, पुलिस उसे सख्ती से पूछताछ की तो उसने. अपनी संलिप्तता स्वीकार की और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. उसकी निशानदेही पर चोरी गए जेवरात भी उसके फल के पुराने दुकान से बरामद कर लिया गया ।बता दें कि बीते 1 मार्च को दुकान के मालिक ने 22 लाख की चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी.